# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹88175/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹107690/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹117554/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels
Pandri, Raipur

*Conditions apply



नर्सिंग काउंसलिंग प्रारंभ

बी.एस.सी (N), एम.एस.सी (N)
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी (N)

ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि
09-10-24 से 14-10-24 तक

श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स
7222910430/72
श्री रावतपुरा सरकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर
7222910473
मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी
7222910451
रविशंकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग, नया रायपुर
7222910424


## खबर संक्षेप

### हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब के कपाट परंपरागत पूजा-पाठ और कीर्तन के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए। चमोली जिले में समुद्र तल से लगभग सोलह हजार फुट की ऊंचाई पर हिमाच्छादित शिखरों के बीच सुरम्य बर्फानी झील के समीप स्थित गुरूद्वारे को बंद करने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू हुई और उसके बाद परंपरागत पाठ के बाद कपाट बंद कर दिए गए। पिछले कुछ दिनों से खराब मौसम के कारण श्री हेमकुंड साहिब तक पहुंचने वाला पैदल रास्ता अटलाकोटी तक बर्फ से ढक गया था।

# *खास होगी डीजी कॉन्फ्रेंस, पीएम, शाह, डोभाल आएंगे, पीएमओ ने कहा-फिजूलखर्ची नहीं, होटल की जगह शासकीय संस्थानों में व्यवस्था*

**सर्किट हाउस, सरकारी गेस्ट हाउस में अफसरों के ठहरने की व्यवस्था**



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अगले महीने 28 से 30 नवंबर तक डीजी कान्फ्रेंस होगी। इस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार(एनएसए) अजीत डोभाल सहित देश के सभी पुलिस महानिदेशक शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय(पीएमओ) ने विशेष निर्देश देते हुए कहा है कि यह कॉन्फ्रेंस शासकीय संस्थानों में होनी चाहिए। शासकीय धन की फिजलूखर्ची न हो और वीवीआईपी के आवागमन में अनावश्यक समय न खर्च हो। साथ ही होटल में कार्यक्रम करने, अफसरों के ठहरने या किराए पर लेने से मना किया गया है।

सूत्रों ने हरिभूमि को यह जानकारी देते हुए कहा है कि डीजी कॉन्फ्रेंस को लेकर पीएमओ ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं, यह जानकारी उसी का हिस्सा है। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 28 नवंबर को शामिल होंगे, जबकि समापन सत्र 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बनेंगे। पीएमओ के निर्देश के मद्देनजर शासकीय भवनों में ये आयोजन होगा, अतिथियों के रुकने की व्यवस्था भी सरकारी भवन में रखनी होगी। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री के रात्रि ▸▸| शेष पेज 8 पर

### एक नजर में

- नवा रायपुर के भारतीय प्रबंधन संस्थान में होगी कान्फ्रेंस
- पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल होंगे शामिल
- देशभर के डीजी, आईजी, गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अफसर आएंगे रायपुर
- शासकीय भवनों में ही होगी सभी अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था
- स्पीकर हाउस में की जा सकती है पीएम के रुकने की व्यवस्था
- नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस, कन्वेंशन सेंटर में होगी व्यवस्था
- रायपुर के सर्किट हाउस, पहुना अतिथि गृह में भी ठहरेंगे अतिथि
- अनावश्यक खर्च रोकने शासकीय भवनों में ठहराने की पहल
- मितव्ययिता को लेकर पीएमओ के निर्देश के बाद तैयारियां शुरू
- सुविधायुक्त और गरिमा के अनुरूप भवनों के चयन में जुटा प्रशासन
- रायपुर और नवा रायपुर के भवनों में ठहराने की जा रही

### आईआईएम में होगी कॉन्फ्रेंस

डीजी कांफ्रेस के आयोजन स्थल के संबंध में बताया गया है कि यह कार्यक्रम नवा रायपुर में आईआईएम भवन में होगा। इसके पीछे कारण ये है कि इस जगह से विधानसभा की दूरी काफी कम है, यहां आवागमन सुरक्षा की दृष्टि से सुविधाजनक होगा। खासकर प्रधानमंत्री के लिए। अगर उनका रात्रि विश्राम स्पीकर हाउस में हुआ तो वह नजदीक भी है, आने-जाने में समय कम लगेगा। इसी जगह पर कान्फ्रेंस के सभी सत्र होंगे।

### नक्सलवाद पर भी फोकस

लंबे समय से नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस विषय पर भी विशेष सत्र होगा। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सीधे अधिकारियों से फीडबैक लेंगे और नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा अभियानों को और प्रभावी बनाने पर जोर देंगे। किस तरह की होती है। केंद्र सरकार खासकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा।







APPROVED
BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in


अब प्लॉट खरीदना हुआ और भी आसान

इतनी कम ब्याज दर पर होम लोन, नामुमकिन हुआ अब मुमकिन

7 Wonder City

प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप






प्लॉट अब ~~8%~~ पर नहीं

2.99%* ब्याज दर पर

10 सालों की आसान किश्तों में बैंक फायनेंस द्वारा

ब्याज का अतिरिक्त भार 5.01% अब हमारा है

दुनिया के 7 अजूबों की भव्यता, अब आपके नए पते पर







*Terms & Conditions Apply

7 वंडर सिटी | 7389900999

महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 30% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

वर्तमान मे HDFC BANK & ICICI BANK Home Loan ब्याज दर स्टैंडर्ड सिबिल स्कोर में 8% है उसके अनुसार 5.01% की ब्याज दर हमारे द्वारा 10 वर्ष के लिए वहन किया जाएगा, ब्याज दर 8% से बढ़ने पर, अतिरिक्त ब्याज दर कि राशी का भुगतान क्रेता करेगा।

Embassy

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 2015 के चर्चित नान घोटाले की सीबीआई से जांच करने संबंधी याचिकाओं को निराकृत कर दिया है। इसके मुताबिक जिन लोगों की नान घोटाले में भूमिका होने के बाद भी एसीबी ने चालान नहीं किया उनके खिलाफ विचारण न्यायालय में याचिका लगाई जा सकेगी। इसके साथ ही ऐसी अन्य याचिकाएं जिनकी ओर से अधिवक्ता या याचिकाकर्ता उपस्थित नहीं हुए उन्हें हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

# नान घोटाले की सीबीआई से जांच करने संबंधी सभी याचिकाएं निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी हाईकोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दि यह मामला 10 साल से अधिक पुराना है और अब जांच एजेंसी बदलने की मांग उचित नहीं लगती। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नेता और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के द्वारा एसआईटी जांच के खिलाफ लगाई गई याचिका को वापस लेने की अनुमति दी है।

हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस पी पी साहू की विशेष खंडपीठ ने नान घोटाले से जुड़ी 8 याचिकाओं पर सुनवाई की। गौरतलब है की इसी मामले से संबंधित याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण करीब 4 साल से इन याचिकाओं की सुनवाई नहीं हो पा रही थी। सितंबर में सुप्रीम कोर्ट में से संबंधित सभी मामलों का निराकरण होने के बाद हाईकोर्ट में इन जनहित याचिकाओं एवं अन्याचिकाओं पर सुनवाई होना नियत था।

भाजपा नेता धरमलाल कौशिक को याचिका वापस लेने की अनुमति



सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने इस बात को नोट किया कि केवल दो जनहित याचिकाओं जो की हमर संगवारी एन जी ओ और सुदीप श्रीवास्तव अधिवक्ता के द्वारा लगाई गई थी उसमें ही अधिवक्ता या याचिकाकर्ता अदालत में उपस्थित है। इसके अलावा अन्य याचिकाओं की तरफ से कोई उपस्थित नहीं हुआ। वहीं भारतीय जनता पार्टी के नेता धरमलाल कौशिक की ओर से अधिवक्ता गैरी मुखोपाध्याय उपस्थित थे।

## जांच में कई लोगों को नहीं बनाया गया अभियुक्त

राज्य सरकार की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से अधिवक्ता अतुल झा ने कोर्ट को बताया कि 10 सालों में इस मामले में ट्रायल कोर्ट में 224 में से 170 गवाहों की गवाही हो चुकी है। एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव की ओर से कहा गया कि जिन व्यक्तियों का चालान हुआ है या जिनका विचारण चल रहा है उस पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। दूसरी ओर एसीबी ने अपनी जांच में बहुत से लोगों को छोड़ दिया है और मामले में भूमिका होने के बाद भी अभियुक्त नहीं बनाया गया है। यहां तक कि जहरीला नमक सप्लाई करने वाले अभियुक्त मुनीश कुमार शाह की अब तक गिरफ्तारी भी नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से मासूम गंभीर



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के गंगालूर एरिया स्थित पिड़यि जंगल में मवेशियों को चराने गया मासूम नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट से बच्चे के दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं है। ब्लास्ट की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीआरपीएफ 199वीं व 85 वीं बटालियन के जवानों ने बच्चे को परिजनों के साथ जिला अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक पिड़यि पंचायत का लगभग 7 वर्ष का मासूम अपने अन्य साथियों के साथ मवेशियों को लेकर जंगल गया हुआ था। इसी दौरान खेल रहे एक बच्चे का पैर नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे ब्लास्ट की आवाज सुनकर सुरक्षाबल के जवान व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल बच्चे को लेकर गंगालूर आए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

### कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति, एक वेतन वृद्धि रोकने एवं शेष चना बीज की राशि वसूल करने का आदेश जारी

# चना बीज घोटाला में लीपापोती, 94.27 की मिली थी गड़बड़ी, जांच में 8 क्विंटल बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**बहुचर्चित चना बीज घोटाला में जिला कृषि विभाग ने विभागीय जांच कराने के बाद इस मामले में दोषी पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। यह कार्रवाई लीपापोती से कम नहीं है, क्योंकि इस घोटाले में पूर्व में अभनपुर तहसील स्तर पर कमेटी बनाकर जांच कराई गई थी, जिसमें 94.27 क्विंटल चना बीच की गड़बड़ी पाई गई थी।**

हरिभूमि फॉलोअप

इस जांच के करीब साढ़े 9 महीने बाद इस घोटाले में विभाग ने अपनी समिति गठित कर जांच कराई। इस जांच में सिर्फ 8 क्विंटल चना बीज की गड़बड़ी पाई गई है। समिति के इस प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय अधिकारी ने दोषी दो कृषि विस्तार अधिकारियों की एक वेतन वृद्धि रोकने एवं गायब चना बीज के एवज में राशि जमा करने का आदेश जारी किया है। वहीं क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पर दायित्व का निर्वहन नहीं करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल गायब हुए चना बीज की 10 प्रतिशत राशि वसूल किए जाने का आदेश जारी किया है।

## 100 हेक्टेयर की जगह 5.73 हेक्टेयर में लगी मिली थी चना फसल

गोबरानवापारा तहसील क्षेत्र के ग्राम भुरका, तोरला, टीला, चंपारण सहित आसपास के गांव में कृषि विभाग की योजना के तहत 100 हेक्टेयर रकबा में प्रदर्शन के रूप में चना बीज की फसल लगाने के लिए 100 किसानों का चयन किया गया था। इन किसानों को 100 क्विंटल चना बीज निःशुल्क बांटा जाना था, लेकिन क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह ने वितरण में गड़बड़ी करते हुए महज 5.73 हेक्टेयर रकबा के लिए ही चना बीज का वितरण किया था, वहीं शेष 94.27 हेक्टेयर रकबा का चना बीज किसानों को वितरण नहीं कर बाजार में खपा दिया था। इसकी शिकायत आने के बाद नवंबर के अंतिम सप्ताह में एसडीएम अभनपुर ने जांच कमेटी बनाकर इसकी जांच कराई थी। इसके लिए किसानों की सूची एवं खसरा रकबा के आधार भौतिक सत्यापन कराया था, जिसमें महज 5.73 हेक्टेयर में ही चना बीज की फसल लगी पाई गई थी। शेष हेक्टेयर के लिए किसानों को चना बीज वितरण नहीं किए जाने के कारण फसल लगी नहीं मिली थी।


कागजों में बो दिया चना...
सौ किसानों को देना था बीज-कीटनाशक, 20 को दिया फोटो खिंचाकर रकम हजम, जांच में अफसर दोषी पाए

## दोषी अफसरों को बचाने 6 माह तक दबी रही फाइल

इस घोटाला के उजागर होने के बाद से संबंधित विभाग लगातार दोषी अफसरों को बचाने में लगा हुआ था। इसी कारण जांच फाइल को भी आगे बढ़ने नहीं दिया जा रहा था। इसके कारण यह फाइल पहले 3 माह तक तहसील कार्यालय में और फिर करीब 3 माह तक रायपुर कृषि कार्यालय में दबी रही।

**इस तरह से की गई गड़बड़ी:** हरिभूमि ने इस घोटाले की लाइव पड़ताल की थी। इस पड़ताल में ग्राम भुरका निवासी एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को किसान बताकर उनके अलग-अलग दो नाम से चना बीज वितरण बता दिया है। इसी प्रकार ग्राम तोरला में एक किसान को 10 हजार रुपए में 9 कट्टा बीज बेच दिए। ग्राम भुरका निवासी एक किसान को 3 एकड़ भूमि के बदले मात्र एक कट्टा बीज दिया गया। इस तरह से कई तरह की गड़बड़ी की गई है।

## जांच कार्रवाई के आधार पर कार्रवाई

विभागीय समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की है। दो कृषि विस्तार अधिकारियों की एक वेतन वृद्धि रोकने के साथ गायब बीज कीमत वसूल की जाएगी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पर दायित्व का निर्वहन नहीं करने पर 10 प्रतिशत राशि वसूल की जाएगी।

-सतीश अवस्थी, उप संचालक, कृषि रायपुर

## पुनः जांच कराने की मांग करेंगे

जांच सही तरीके से नहीं हुई है। इस मामले में जांच के लिए दोबारा कमेटी बनाने की मांग करेंगे। कमेटी में पंचायत के सदस्यों को भी शामिल करने की मांग की जाएगी।

- संदीप यदु, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

## लीपापोती की गई

विभागीय जांच में लीपापोती की गई है। प्रारंभिक जांच में मिली गड़बड़ी के विपरीत रिपोर्ट बनाई गई है। इस मामले की उच्च स्तरीय समिति से जांच कराने की मांग करेंगे।

- यशवंत साहू, सदस्य, जिला पंचायत

# हाईकोर्ट ने सड़क हादसों में लोगों की लगातार मौत पर कड़ा रुख अपनाया

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़क हादसों में लोगों की लगातार मौत पर कड़ा रुख अपनाया है। कोरबा जिले में सडक हादसों में सिर्फ एक माह में 200 लोगों की मौत होने पर कोर्ट ने इसे भी स्वतः संज्ञान लेते हुए उद्योग सचिव, आरटीओ कोरबा और अन्य प्राधिकार से शपथपत्र पर जवाब माँगा है। इससे पहले की गई सुनवाई में कोर्ट ने राज्य में खराब सड़कों के कारण हो रहे हादसों के लिए लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई को जिम्मेदार ठहराया था।

कोर्ट ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया का हलफनामा पेश होने के बाद कहा था कि अब जिम्मेदार एजेंसियां जवाबदेह बनें और जल्द सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। कोर्ट ने एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल को छोड़कर बाकी पावर प्लांट्स जैसे केएसके महानदी, डीबी पावर (बरादरहा), बालको, एसकेएस पावर, एसीबी पावर और अन्य स्वतंत्र बिजली उत्पादकों से स्पष्टीकरण मांगा था। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को भी पार्टी बनाकर कहा गया कि वे अपना हलफनामा कोर्ट में पेश करें। हाईकोर्ट ने साफ किया कि अब मामले की नियमित मानिटरिंग होगी। आज इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डीबी ने इस बात पर गहरी नाराजगी जताई कि लगातार सडक हादसों की संख्या बढ़ रही है। लदे हुए भारी वाहनों पर कोई सटीक कर्रवाई नहीं हो पा रही है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




ना उम्र की सीमा हो, न जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन ... यह गाना पुराना है, परन्तु इसे बिलासपुर शहर के चिंगराजपारा निवासी एक 75 साल के बजुर्ग ने चरितार्थ कर दिया। इन्होंने एक 45 वर्षीय महिला से न केवल धूमधाम से प्रेम विवाह किया, बल्कि विवाह के दौरान अपनी मूंछों पर ताव देते हुए एक संदेश भी दिया कि खुशियां उम्र की मोहताज नहीं हैं।

**दोनों ही पहले से शादीशुदा**

**मोहल्ले वासियों ने निकाली बारात, धूमधाम से हुई शादी**

# ना उम्र की सीमा हो ... 75 वर्षीय बुजुर्ग का 45 वर्षीय महिला से हुआ प्रेम विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शहर के चिंगराजपारा अटल आवास में गुरूवार को कुछ ऐसा वाकया हुआ, जिसे देखने वाले लोगों ने भरपूर एंजॉय किया। यहां रहने वाले एक 75 वर्षीय बुजुर्ग दादूराम गंधर्व ने अपने से 30 साल छोटी 45 वर्षीय महिला आरती त्रिवेदी से शादी की। यह शादी कोई सामान्य शादी नहीं थी, बल्कि प्रेम विवाह था। मजदूरी करके अपना जीवन निर्वाह करने वाले बुजुर्ग का दिल आरती पर आया और इजहार कर बैठे। आरती ने भी बुजुर्ग की भावनाओं का भरपूर सम्मान करते हुए हामी भर दी और करवा चौथ से ठीक एक दिन पहले शादी के बंधन में बंधकर साथ जीवन बिताने का फैसला किया।

### निकली बारात बजा बाजा

उम्रदराज दूल्हा व दुल्हन द्वारा शादी के फैसले का मोहल्ले वासियों ने भी स्वागत करते हुए बकायदा बाजे-गाजे के साथ बारात निकाली और वरमाला व मांग भरने जैसी आवश्यक रस्म पूरी कर दोनों का धूमधाम से विवाह करवा दिया।

### दोनों हैं शादीशुदा

दादूराम की पत्नी का वर्षों पहले स्वर्गवास हो चुका है, जिससे वे विगत लंबे समय से अकले रह रहे थे। इसी तरह 45 वर्षीय महिला आरती भी शादीशुदा थीं। उनकी पहली शादी 1993 में हुई थी, प्रताड़ना से तंग आकर वे अकेली रह रहीं थीं। हालांकि इनके दो बच्चे हैं, लेकिन बेटी की शादी हो चुकी है व बेटा अपने पिता के साथ रहता है, जिससे वे भी फिलहाल अकेली ही हैं। आरती का कहना है कि वे अकेले ही जीवन यापन कर रहीं थीं। ऐसे में दादूराम से मुलाकात हुई, वे अच्छे लगे और दोनों ने साथ रहने का फैसला कर लिया। इधर दादूराम भी विवाह से बहुत खुश हैं। वे कहते हैं कि भगवान की कृपा से उनकी दूसरी शादी हुई है। इसलिए भी उन्होंने शादी के बाद विशेष रूप से अपनी मूछों पर ताव दिया था।

## पति-पत्नी की बेरहमी से हत्या, गांव में दहशत



जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सड़क अतरिया

गंड़ई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सड़क अतरिया में शुक्रवार की तड़के सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक घर में पति पत्नी की लहूलुहान शव पड़े होने की खबर मिली। मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की सुबह सुबह लगभग 5 बजे उक्त घटना वाले घर में कुछ गिरने पटकने की लगातार आवाज आ रही थी। इस दौरान ही ग्रामीणों ने घर के पीछे रास्ते से एक युवक को भागते देखा। तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से उसे दौड़ाकर पकड़ा। उसे उक्त घटना घटित घर में लाया तो देखा कि दंपति का शव खून से लथपथ पड़ा था।

### बाबूलाल सरकारी शिक्षक था

मृतक बाबूलाल सोरी (55) का शव बरामदे में तो पत्नी सुनिति बाई का शव आंगन में पड़ा था। बाबूलाल सरकारी शिक्षक था। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दिया है। संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी होने ▶▶| शेष पेज 8 पर

**धान बेचने के लिए किसानों को मिलेंगे ऑनलाइन टोकन**

# 15 नवंबर से धान खरीदी, किसानों को हफ्तेभर में भुगतान, पहली दफा सेंट्रल कंट्रोल रूम भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरु होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में यह फैसला किया गया है। खास बात ये है कि यह कैबिनेट पूरी तरह धान खरीदी पर केंद्रित रही। इस सीजन में भी राज्य के 25 लाख किसान धान बेचेंगे। उनको 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से कीमत मिलेगी। राज्य में यह पहला अवसर होगा जब धान के सौदों पर नजर रखने के लिए इंटिग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर मार्कफेड कार्यालय में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलों में भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे।

■ साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक

### किसानों को मिलेंगे आनलाइन टोकन

किसानों को बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु टोकन तुहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था की गई है, इसके तहत किसान स्वयं अपनी सुविधा के अनुसार धान विक्रय किये जाने टोकन काट सकेंगे। वास्तविक किसानों से धान खरीदी सुनिश्चित करने बायोमैट्रिक आधारित धान की खरीदी की जावेगी।



### किसानों को 6-7 दिनों में होगा भुगतान

इस बार धान के व्यपवर्तन एवं पुर्नचक्रण को रोकने की चौकस व्यवस्था व धान खरीदी के लिए मजबूत प्रशासनिक ढांचा काम करेगा। किसानों को धान की कीमत का भुगतान 6 से 7 दिन ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 23 लाख हेक्टेयर रकबे का डिजीटल सर्वे

सरकार ने डिजीटल क्राप सर्वे के माध्यम से 23 लाख हेक्टेयर रकबे का सर्वे कराया गया है जिसके फलस्वरूप धान के रकबे का ऑनलाइन निर्धारण डिजिटल रूप से सुनिश्चित हुआ है। प्रदेश के 20 हजार गांवों में 2 अक्टूबर से डिजिटल क्राप सर्वे एवं मैन्यूअल गिरदावरी के डेटा को ग्राम सभा में पठन-पाठन कराया जा रहा है।

### सोसाइटियों को शून्य सूखत पर मिलेगा बोनस

राज्य में 2739 खरीदी केन्द्रो के माध्यम से धान खरीदी किये जाने हेतु समितियों में समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है। समितियों को खरीद विपणन वर्ष 2025-26 में शून्य सूखत आने पर 5 रुपये प्रति क्विंटल के मान से प्रोत्साहन दिया जायेगा। धान खरीदी के लिए आवश्यकतानुसार नये एवं पुराने जूट बारदाने की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये है।

### प्रशासनिक अधिकारी बनेंगे खरीदी केंद्र प्रभारी

धान खरीदी केन्द्रो में बेहतर एवं सुगम व्यवस्था के लिए कलेक्टर द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को खरीदी केन्द्र प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया है। सीमावर्ती राज्यों से खरीदी केन्द्रो धान की आवक रोकने विशेष चेकिंग दल जिलेस्तर पर गठित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। धान के परिवहन व्यवस्था अंतर्गत मितव्ययता को सुनिश्चित करने के लिए धान के उठाव व परिवहन, भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### केंद्र लेगा 73 लाख मीट्रिक टन चावल

खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु केन्द्रीय पूल में 73 लाख मीट्रिक टन चावल का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश में धान की रिसाईकलिंग रोके जाने एवं बेहतर मॉनिटरिंग व्यवस्था करने के लिए पहली बार इंटिग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर मार्कफेड कार्यालय में स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलों में भी कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे।

**पूर्व में भी ले चुका था राशि**

## 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया शक्कर कारखाना का प्रभारी सीई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/प्रतापपुर

मां महामाया शक्कर कारखाना में संविदा नियुक्ति के नाम पर एक कर्मचारी से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते कारखाना के प्रभारी चीफ इंजीनियर को रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपी प्रभारी सीई ने कर्मचारी से नियुक्ति के लिए एक लाख रुपए की मांग की थी। संभाग में एसीबी की यह अब तक की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंम मच गया है।



■ संविदा नौकरी के नाम पर मांगे थे 1 लाख रुपए

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिला अंतर्गत ग्राम लटोरी पोडिपा निवासी प्रदीप कुमार की मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित केरता में वर्ष 2024 में संविदा नियुक्ति हुई थी। युवक शक्कर कारखाना में डीसी ड्राइवर के पद पर कार्य कर रहा था। इस नियुक्ति के बाद कारखाना में पदस्थ प्रभारी चीफ इंजीनियर मिशनरी चंदू राम नायक ने कॉशन मनी के नाम पर एक लाख रुपए लिया था लेकिन उस समय उसकी कोई रसीद नहीं दी गई थी। एक वर्ष के बाद फिर से मां महामाया शक्कर कारखाना में यथावत बने रहने लिए प्रभारी चीफ इंजीनियर द्वारा फिर से एक लाख रुपए की मांग की जा रही थी और रुपए नहीं देने पर संविदा नौकरी से निकालने की धमकी दी गई थी। युवक ने जब प्रभारी चीफ इंजीनियर को पैसे नहीं दिए तो उसे नौकरी से निकाल दिया। नौकरी जाने के बाद ▶▶| शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### फिलीपीन में 7.4 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत

मनीला। दक्षिणी फिलीपीन में शुक्रवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी, इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सुनामी की आशंका के कारण आसपास के तटीय क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा। भूकंप का केंद्र मनाय शहर से लगभग 62 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में दावाओ ओरिएंटल प्रांत के पास समुद्र में स्थित था। उन्होंने कहा कि समुद्र में उतार-चढ़ाव जारी रह सकते हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि संभावित क्षति का आकलन किया जा रहा है। सुरक्षित स्थिति होने पर बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया जाएगा।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रहा। भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार निवेश में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। इसके बावजूद यह लगातार 55वां महीना है जब इक्विटी खंड में शुद्ध रूप से निवेश बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी वाले म्यूचुअल फंड में सितंबर में 30,421 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अगस्त के 33,430 करोड़ रुपये और जुलाई के 42,702 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी फंड श्रेणियों में, सबसे अधिक योगदान फ्लेक्सी कैप फंड्स का 7,029 करोड़ रुपये रहा। इसके बाद मिड कैप फंड ने 5,085 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंड ने 4,363 करोड़ रुपये का योगदान किया। लार्ज कैप फंड में 2,319 करोड़ रुपये आए। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक (प्रबंधक अनुसंधान) नेहल मेश्राम ने कहा कि दो महीनों के असाधारण रूप से मजबूत निवेश के बाद यह गिरावट संरचनात्मक के बजाय चक्रीय लगती है। इक्विरस वेल्थ के प्रबंध निदेशक और व्यवसाय प्रमुख अंकुर पुंज ने इस गिरावट के लिए भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को जिम्मेदार ठहराया।

**दूसरे की तलाश जारी**

## सेना के दो कमांडो में से एक का शव बरामद

एजेंसी ▶▶| अनंतनाग

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को एक सैनिक का शव बरामद किया जबकि एक अन्य लापता सैनिक का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को लापता हुए दो सैनिकों में से एक का शव अनंतनाग के कोकेरनाग क्षेत्र के गडोले जंगल से बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उसकी मौत 'हाइपोथर्मिया' के कारण हुई। 'हाइपोथर्मिया' ऐसी स्थिति है जब शरीर का तापमान सामान्य से नीचे चला जाता है। अधिकारियों ने कहा कि लापता अन्य सैनिक की तलाश की जा रही है लेकिन घने जंगल, ऊबड़-खाबड़ इलाका और खराब मौसम इन प्रयासों में बाधा बन रहे हैं।

### मंगलवार को हुए थे लापता

मंगलवार को कोकेरनाग इलाके में तलाश अभियान के दौरान एक विशिष्ट पैरा यूनिट के दोनों कमांडो लापता हो गए। यह अभियान दो दिन पहले अहलान गडोले इलाके में आतंकवादियों के एक समूह के छिपे होने की सूचना के बाद शुरू किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, दोनों सैनिक संचार संपर्क टूटने के बाद लापता हो गए। कमांडो का पता लगाने के लिए हेलीकॉप्टरों को हवाई निगरानी में लगाया गया।

### हेलीकॉप्टरों को हवाई निगरानी में लगाया गया

लापता अन्य सैनिक की तलाश की जा रही है लेकिन घने जंगल, ऊबड़-खाबड़ इलाका और खराब मौसम इन प्रयासों में बाधा बन रहे हैं। मंगलवार को कोकेरनाग इलाके में तलाश अभियान के दौरान एक विशिष्ट पैरा यूनिट के दोनों कमांडो लापता हो गए। यह अभियान दो दिन पहले अहलान गडोले इलाके में आतंकवादियों के एक समूह के छिपे होने की सूचना के बाद शुरू किया गया था।

**टेक्नो दिग्गज ने 'ओपल' को 15 नए देशों में किया लॉन्च**

## अब गूगल से आसानी से बनाइए खुद का वेब एप

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल ने अपने एआई-आधारित वाइब-कोडिंग एप 'ओपल' को 15 और देशों में लॉन्च करने की घोषणा की है। इस एप की खासियत यह है कि यह यूजर्स को सिर्फ टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के जरिए मिनी वेब एप बनाने की सुविधा देता है। अब यह एप भारत सहित कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया, ब्राजील, सिंगापुर, कोलंबिया, एल साल्वाडोर, कोस्टा रिका, पनामा, होंडुरास, अर्जेंटीना और पाकिस्तान में भी उपलब्ध होगा।

भारत, कनाडा सहित कई देशों को उपलब्ध कराई सुविधा



### यह है गूगल ओपल

गूगल का ओपल एक नो-कोड एआई एप बिल्डर है जो यूजर के जरिए दिए गए जानकारी के आधार पर मिनी वेब एप तैयार करता है। यूजर बस यह बताता है कि उसे किस तरह का एप चाहिए और ओपल अलग-अलग गूगल मॉडलों का उपयोग करके उस एप को तैयार कर देता है। एप तैयार होने के बाद यूजर इसके एडिटर पैनल में जाकर एप का विजुअल वर्कफ्लो यानी इनपुट, आउटपुट और जनरेशन स्टेप्स देख सकता है और उसे कस्टमाइज कर सकता है।

### नए अपडेट और फीचर्स

गूगल लैब्स की सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर मेगन ली ने ब्लॉग पोस्ट में बताया कि ओपल के साथ गूगल ने कई नए सुधार और फीचर्स भी पेश किए हैं, जैसे- डीबगिंग सिस्टम अब पहले से बेहतर है हालांकि यह अभी भी नो-कोड इंटरफेस पर आधारित है। यूजर्स अब विजुअल एडिटर में वर्कफ्लो को स्टेप-बाय-स्टेप चला सकते हैं। किसी स्टेप में एरर आने पर रियल-टाइम एरर नोटिफिकेशन मिलेगा। स्पीड और परफॉर्मेंस में सुधार किया गया है, अब नया ओपल एप कुछ सेकंड्स में तैयार हो जाता है। अब पैरेलेल वर्कफ्लो रनिंग की सुविधा भी दी गई है, जिससे कई स्टेप्स एक साथ चल सकते हैं।

### कैनवा, फिग्मा और रिप्लिट को मिलेगी कड़ी चुनौती

गूगल ने जुलाई में अमेरिका में ओपल लॉन्च करके नो-कोड एप डेवलपमेंट के क्षेत्र में कदम रखा था, जहां पहले से कैनवा, फिग्मा और रिप्लिट जैसी कंपनियां सक्रिय हैं। इन सभी का मकसद है कि बिना कोडिंग सीखे यूजर आसानी से एप या प्रोटोटाइप बना सके। भारत सहित अन्य देशों में लॉन्च के साथ, गूगल ओपल अब क्रिएटर्स, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स के लिए एक बेहतरीन टूल बन सकता है, जो एप डेवलपमेंट को पहले से भी अधिक आसान और तेज बनाएगा।

**अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि के नाम पर मांगी थी घूस**

## आदिम जाति कल्याण विभाग के बाबू को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को आदिम जाति कल्याण विभाग के बाबू को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बाबू अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली राशि का लाभ दिलाने के बदले युवक से रिश्वत मांग रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो के समक्ष बिल्हा थाना क्षेत्र सिलयारी निवासी अभिलाष बर्मन ने शिकायत दर्ज कराई कि उसने साहू समाज की युवती से अंतर्जातीय ▶▶| शेष पेज 8 पर

### दो माह पहले ही मिला था प्रभार

बताया जा रहा है कि दो माह पहले आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रोत्साहन राशि वितरण शाखा में पाठक बाबू के रिटायर होते के बाद मनोज तोंडेकर को सेक्शन का प्रभार दिया गया था। वह पिछले 5 सालों से बिलासपुर कार्यालय में पदस्थ था, जबकि उसने साल 1993 में विभाग में ज्वाइनिंग की थी।

**नोबेल समिति ने कहा, मारिया जीवन को गंभीर खतरा होने के बावजूद देश में बनी रहीं**

## 'शांति' पर अशांति... ट्रंप-कार्ड फेल, मारिया को मिला नोबेल, भड़के अमेरिका ने कहा- हो रही राजनीति

**ओस्लो।** नोबेल समिति ने 2025 के पुरस्कार के लिए वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद की विपक्ष की उम्मीदवार रहीं मारिया कोरिना मचाडो के नाम की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा स्वयं के लिए नोबेल शांति पुरस्कार पाने की बेहद लालसा के बीच मारिया के नाम का ऐलान होने के बाद अमेरिका भड़क गया। व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया कि नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति से ज्यादा राजनीति को महत्व देते हैं।वहीं समिति का कहना है कि जो शख्सियत लंबे समय से शांति के लिए काम करती है उसे ही सर्वसम्मति से चयनित किया जाता है। पुरस्कार विजेता को करीब 7 करोड़ रुपये और मेडल मिलता है। नोबेल पुरस्कार का ऐलान करते हुए समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिडनेस ने कहा 'वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में मारिया का अहम योगदान रहा है। लोकतंत्र के लिए उनके अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण बदलाव प्राप्त करने के लिए मारिया मचाडो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का निर्णय लिया है।

### मारिया का चयन लोगों को प्रेरित करेगा- समिति

नोबेल समिति ने कहा, मारिया जीवन को गंभीर खतरा होने के बावजूद देश में बनी रहीं। उनका यह चुनाव लाखों लोगों को प्रेरित करने वाला है। लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने से इनकार करते हैं। गंभीर जोखिम के बावजूद आगे बढ़ने का साहस करते हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए।



### कौन हैं मारिया कोरिना मचाडो

मारिया कोरिना मचाडो का जन्म 7 अक्टूबर 1967 को हुआ था। वह वेनेजुएला की प्रमुख विपक्षी नेता और औद्योगिक इंजीनियर हैं। 2011-2014 तक वे वेनेजुएला की नेशनल असेंबली की सदस्य रहीं। बाद में निकोलस मादुरो सरकार ने उनके देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था। 2023 में अयोग्यता के बावजूद, उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी प्राथमिक चुनाव जीता, लेकिन बाद में उनकी जगह कोरिना योरिस को उम्मीदवार बना दिया गया।

### हे भगवान... मेरे पास शब्द ही नहीं हैं

इस साल नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो ने पुरस्कार की खबर पाकर वेनेजुएला के लोगों का धन्यवाद किया और सम्मान को लोकतंत्र के लिए उनके निरंतर संघर्ष को समर्पित किया है। फिर बोलीं, हे भगवान... मेरे पास शब्द नहीं हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप समझेंगे कि यह एक आंदोलन है।

### पुरस्कार पाने काफी बेचैन रहे ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार खुद को नोबेल देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि वे 8 युद्ध रुकवा चुके हैं, इसलिए उन्हें पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने यहां तक कह दिया था कि उन्हें पुरस्कार नहीं मिलना अमेरिका का अपमान होगा। ट्रंप को शांति के नोबेल के लिए कई देशों ने नामित किया था।




## चिंतन

# नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की निकाली हवा

हिन्दी फिल्म का एक गीत है, दिल के अरमा आंसूओं में बह गए। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सटीक बैठ रहा है। बीते एक साल से शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए उन्होंने न जाने कितने दावे किए। एक के बाद एक सात युद्ध रुकवाने की ताल ठोंकी। बकायदा खुद ही नोबेल मांग भी लिया। ट्रंप ने दावा किया कि सिर्फ सात महीनों में, मैंने सात अंतहीन युद्धों को समाप्त कर दिया है। इसमें कुछ 31 साल से चल रहे थे, एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध समाप्त किए। सभी युद्ध अनगिनत लोगों की जान लेने के साथ भीषण रूप से चल रहे थे। मुझे लगता था कि इनमें से शायद सबसे बड़ा युद्ध रूस-यूक्रेन होगा। वे हर हफ़्ते लगभग 7,000 लोगों को खो रहे हैं, और यह बहुत बुरा लगता है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी शांति करवाने के लिए मध्यस्थता करने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि पाकिस्तान ने उनकी भावना को स्वीकार करते हुए उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान के अलावा इजरायल ने भी डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिल पाया। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 इस बार वेनेज़ुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने कहा कि यह सम्मान उन्हें वेनेज़ुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके अथक संघर्ष और देश को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर ले जाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। मचाडो ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की ज्योति जलाए रखी और निरंकुश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखा। समिति ने उन्हें लैटिन अमेरिका में नागरिक साहस की असाधारण मिसाल बताया है। एक समय पर विभाजित विपक्ष को एकजुट कर उन्होंने वेनेज़ुएला में "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। माचाडो की यह नोबेल ऐसे समय में मिला है जब वेनेज़ुएला में तानाशाही शासन आ चुका है। आज देश मानवीय और आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जहां अधिकांश नागरिक गरीबी में हैं जबकि सत्ता से जुड़े कुछ लोग असीमित लाभ उठा रहे हैं। सरकार की हिंसक मशीनरी अपने ही नागरिकों पर दमन कर रही है और अब तक करीब 80 लाख लोग देश छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। विपक्ष को चुनावी धांधली और फर्जी मुकदमों के जरिए जेलों में ठूंस दिया गया है। इस घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बजाय वेनेज़ुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को शांति पुरस्कार देने के फैसले की तीखी आलोचना की है। साथ ही नोबेल कमेटी पर पुरस्कार देने में राजनीतिकरण किए जाने का आरोप लगाया है। असल में ट्रंप का मिजाज अलग तरह का है। वो हर काम में खुद को अव्वल साबित करने की कोशिशों में लगे रहते हैं। कोई माने या न माने, वो हमेशा खुद ही अपने काम का गुणगान करने लगते हैं। बीते दिनों एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें यूरोपीय देश अल्बानिया के प्रधानमंत्री, आर्मेनिया के पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ट्रंप के दावे का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। कोपेनहेगन में आयोजित यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की जाने वाली भौगोलिक गलतियों को लेकर चुटकी ली थी। अब नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की हवा निकाल दी है।

# लोकतंत्र की पैरोकार को नोबेल पुरस्कार



पुरस्कार

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी।

पूरी दुनिया में नोबेल शांति पुरस्कार हर वर्ष लोगों की जिज्ञासा का विषय होता है। इस वर्ष भी नोबेल शांति पुरस्कार कम विमर्श के केंद्र में नहीं रहा। खासकर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपनी इस पुरस्कार को पाने की महत्वाकांक्षा बहुत ज्यादा हो गई थी। उन्होंने खुद को इस प्रकार प्रोजेक्ट किया कि उनसे अधिक सुयोग्य कोई है ही नहीं। उन्होंने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से स्वयं का नॉमिनेशन करवाया। पाकिस्तान तो संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप को इस पुरस्कार के लिए सबसे योग्य बताया। लेकिन दुखद यह है कि सात से अधिक देशों ने उन्हें नॉमिनेट किया लेकिन पुरस्कार नहीं मिला। वह अमेरिका के उन चार राष्ट्रपतियों के साथ अपना नाम इतिहास में दर्ज कराना चाहते थे जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिला है। ग्रेता थनबर्ग समेत दुनिया के और बहुत से नॉमिनेशन हुए थे। नोबेल की इच्छा रखने वाले ये सक्रिय लोग भी निराश हुए होंगे जिन्हें यह लगता था कि यह पुरस्कार इस बार उन्हें मिल जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 की घोषणा हुई तो पता चला कि यह पुरस्कार इस वर्ष मारिया कोरिना मचाडो को मिला।

जैसा कि पूरी दुनिया को पता है कि नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी। नोबेल कमेटी ने उनके इस प्रयास को लोकतांत्रिक मूल्यों की वैश्विक रक्षा का प्रतीक बताया। यह पुरस्कार ऐसे समय आया है जब वेनेजुएला में लोकतंत्र को लेकर चिंता बढ़ रही है। मचाडो के संघर्ष ने वहां के नागरिक समाज को नई ऊर्जा दी है। इसी ऐलान के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार जीतने का सपना टूट गया। 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार जूरी ने मारिया कोरिना मचाडो को इसके काबिल समझा। वस्तुतः मचाडो एक ऐसी राजनीतिक विपक्ष की एक प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत रही हैं। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को समझा और अपनी इच्छाशक्ति को भी जो जन-शासन के सिद्धांतों की रक्षा को समर्पित रहे हैं। वेनेजुएला के आपसी मतभेद को उन्होंने ख़त्म किया, खतरे में पड़े लोकतंत्र को बचने हेतु सशक्त आवाज़ बनीं। लोकतंत्र की क्रूर सत्ता को चुनौती देकर उन्होंने तानाशाही को एक तरह से ललकारा। मानवीय और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेनेजुएला को बचने के लिए आगाह किया और आगे बढ़कर बचाया भी। पूरी दुनिया को पता है कि अधिकांश वेनेज़ुएलाई नागरिक गहरी गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। सत्ता में बैठे कुछ लोग खुद को समृद्ध कर रहे हैं। राज्य की हिंसक मशीनरी देश के अपने ही नागरिकों के खिलाफ खड़ी हो चुकी है। लगभग 80 लाख लोग देश से पलायन कर चुके हैं। विपक्ष को सुनियोजित तरीकों से कुचल दिया गया।



चुनावों में धांधली, कानूनी मुकदमे और जेल की सजा के जरिए जिन्हें जेल में नहीं होना चाहिए, वे जेल में बंद हुए और सजा काट रहे हैं। किसी भी लोकतंत्र के लिए कितना कष्टमय और खतरनाक होता है उस देश के लोकतंत्र की हत्या जब हो जाती है। वेनेजुएला के लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए स्पेस न हो और तानाशाही से लोकतंत्र कुचल दिया गया हो तो ऐसे में न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए संघर्ष को किसी ने नेतृत्व प्रदान किया तो उस नेतृत्व का नाम है मारिया। यह उनकी उस सभ्यता के साथ लड़ाई मानी गई है जो अपने क्रूरतम षड्यंत्र में देश को फंसाकर अपने हितों को साध रही थी। सबसे अहम् बात यह है कि जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा करते हैं, तब यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम उन साहसी स्वतंत्रता सेनानियों को पहचानें जो उठते हैं, और विरोध करते हैं। लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप नहीं रहते, जो गंभीर खतरे के बावजूद आगे बढ़ते हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसकी हमेशा रक्षा करनी होती है चाहे शब्दों से, साहस से और संकल्प के साथ। इस बात का जिक्र नोबेल पुरस्कार की घोषणा करते हुए जूरी ने भी की है कि मरिया मचाडो ने शब्दों से, साहस से व संकल्प से इस तानाशाही से संघर्ष किया और उन अधिकारों की पैरोकार बनीं जिससे वेनेजुएला के नागरिक आहत हो चुके थे या देश छोड़कर जा चुके हैं। अंधकार के बढ़ते माहौल में लोकतंत्र की लौ को जलाए रखने वाली मारिया कोरिना मचाडो का व्यक्तिगत जीवन भी बहुत शानदार रहा है। उन्होंने इंजीनियरिंग और वित्त की पढ़ाई की। 1992 में, मारिया ने अतेनिया फाउंडेशन की स्थापना की, जो कराकास में सड़क पर रहने वाले बच्चों के कल्याण के लिए काम करती है। 2010 में, मरिया विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं और रिकॉर्ड वोटों से जीतीं। लेकिन कुछ वर्षों बाद 2014 में शासन ने उन्हें पद से निष्कासित कर दिया। मारिया कोरिना मचाडो वेंते वेनुजुएला नामक विपक्षी पार्टी का नेतृत्व करती हैं। 2017 में सोय वेनेजुएला गठबंधन की स्थापना में भी मरिया मचाडो का योगदान रहा है, जो देश की लोकतांत्रिक ताकतों को राजनीतिक विभाजन के पार एकजुट करता है।

अभी दो वर्ष पूर्व 2023 में उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। जब शासन ने उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया, तो उन्होंने विपक्ष के वैकल्पिक उम्मीदवार एडमुण्डो गोंजालेज़ उर्रुतिया का समर्थन किया। विपक्ष ने व्यापक स्तर पर जनसमर्थन जुटाया। व्यवस्थित रूप से यह दस्तावेज़ीकरण किया कि उन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है। लेकिन शासन ने खुद को विजेता घोषित कर लिया और सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली, यह बात उन्हें रास न आई और वह एक मुखर प्रतिरोध की संस्कृति की वाहक बन गयीं। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 जूरी ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र, जिसे इस रूप में समझा जाता है कि हर व्यक्ति को अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है। अपना मत डालने का अधिकार है। एक निर्वाचित सरकार में प्रतिनिधित्व प्राप्त करने का अधिकार है वस्तुतः यही शांति की नींव है, चाहे वह किसी देश के भीतर हो या देशों के बीच हो।

सुश्री मचाडो ने इस प्रकार एक नई परिभाषा लोकतंत्र के बहाने पूरी दुनिया को दी जो वेनेजुएला के साथ पूरी दुनिया के लिए शांति व अमन, विकास व स्थायी गरिमा के लिए मिसाल बन गया है। नोबेल शांति पुरस्कार की जूरी ने सुश्री मारिया को यह पुरस्कार देकर ट्रंप को भी एक सबक दिया है कि पुरस्कार पाने के पैमाने कुछ और हैं, जबरदस्ती नॉमिनेशन कराकर यह सम्मान हासिल नहीं किया जा सकता।

(लेखक अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

–जवाहर सूरीसेट्टी, शिक्षाविद्



# मन के जाल जिनमें हम सब फंसते हैं

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, आइए उन अदृश्य विकृतियों का पता लगाएं जो हमारी वास्तविकता को आकार देती हैं—संज्ञानात्मक विकृतियां (**cognitive distortions**)। ये चालाक विचार पैटर्न हमारे दिमाग के लिए मेले के विकृत दर्पणों की तरह हैं, जो हम खुद को, दूसरों को और अपने आसपास की दुनिया को कैसे देखते हैं, उसे विकृत कर देते हैं। जब आपका दिमाग भविष्यवक्ता बन जाता है: अर्जुन से मिलिए, जिसने अपने दोस्त को वीकेंड की योजनाओं के बारे में मैसेज किया। दो घंटे बीत गए। कोई जवाब नहीं।

**अर्जुन का दिमाग घूमने लगा:** "वह मुझे इग्नोर कर रही है। मैंने जरूर कुछ गलत कह दिया होगा। शायद वह अब मुझसे नफरत करती है।" यह है मन पढ़ना (**mind reading**)—यह मान लेना कि हम जानते हैं कि दूसरे क्या सोचते या महसूस करते हैं बिना किसी वास्तविक सबूत के। भाग्य-भविष्यवाणी (**fortune-telling**), मन पढ़ने का चचेरा भाई। रोहन अभी-अभी ग्रेजुएट हुआ है और उसे यकीन है कि उसे कभी नौकरी नहीं मिलेगी, कि उसकी डिग्री बेकार है, कि उसका भविष्य पत्थर में लिखा है। उसने अभी अप्लाई करना भी शुरू नहीं किया है, लेकिन उसके दिमाग ने पहले ही उसकी कहानी का अंत लिख दिया है।

**नकारात्मकता का पूर्वाग्रह: जब अच्छा काफी अच्छा नहीं है** : अनन्या को उसकी परफॉर्मेंस रिव्यू मिली: नौ शानदार टिप्पणियां और सुधार के लिए एक सुझाव। अनुमान लगाइए उस रात किस बात ने उसे जगाए रखा? यह नकारात्मक फोकस (**negative focus**) शायद संज्ञानात्मक विकृतियों में सबसे थकाऊ है। यह ऐसा है जैसे एक स्पॉटलाइट हो जो केवल छायाओं को रोशन करती है जबकि स्टेज का बाकी हिस्सा अनदेखा रह जाता है। हम सब वहां रहे हैं—सौ तारीफें पाना लेकिन एक आलोचना पर अटके रहना, हर शर्मनाक पल को याद रखना लेकिन जीत को भूल जाना।

**नियंत्रण का भ्रम** : जब उसकी कंपनी ने छंटनी की घोषणा की, तो विक्रम चिंता में डूब गया। उसने अपनी डेस्क को सत्रह बार पुनर्व्यवस्थित किया, अपनी फाइलों को कलर-कोड किया, और अपने दिन के हर मिनट की सावधानीपूर्वक योजना बनाई। अगर वह अपने आसपास की हर चीज को नियंत्रित कर सकता है, तो निश्चित रूप से वह सुरक्षित होगा। यह नियंत्रण भ्रम (**control fallacy**) हमारे दिमाग का एक अनिश्चित दुनिया में निश्चितता बनाने का हताश प्रयास है।

दूसरी तरफ है व्यक्तिगतकरण (**personalization**)—उन चीजों की जिम्मेदारी लेना जो पूरी तरह से हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। जब काव्या की दोस्त परेशान लग रही थी, तो काव्या ने तुरंत मान लिया कि उसने कुछ गलत किया है। जब उसने जो कंपनी पिकनिक आयोजित करने में मदद की थी उस दिन बारिश हुई, तो उसने व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार महसूस किया। वह अपने दिमाग में हर किसी के ब्रह्मांड का केंद्र बन गई थी, उन बोझों को उठाते हुए जो कभी उसके उठाने के लिए नहीं थे।

**जब भावनाएं तथ्य बन जाती हैं** : 'मैं एक असफल की तरह महसूस करता हूं, इसलिए मैं एक असफल हूं।' यह है भावनात्मक तर्क (**emotional reasoning**)—यह मानना कि हमारी भावनाएं वस्तुनिष्ठ वास्तविकता को दर्शाती हैं। मीरा को अपने रिश्ते के बारे में चिंता महसूस हुई, इसलिए उसने निष्कर्ष निकाला कि यह बर्बाद होने वाला है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसका साथी प्रेमपूर्ण और प्रतिबद्ध था; उसकी चिंता ने एक अलग कहानी बताई, और उसके चिंतित दिमाग के लिए, वह भावना पर्याप्त सबूत थी।

न्यायपूर्ण-दुनिया भ्रम और निश्चितता का आराम: गहराई से, हम में से कई न्यायपूर्ण-दुनिया सोच (**just-world thinking**) से चिपके रहते हैं—यह विश्वास कि अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और बुरे लोगों के साथ बुरी चीजें होती हैं। यह आरामदायक है क्योंकि यह सुझाव देता है कि ब्रह्मांड निष्पक्ष है, कि हम केवल गुण के माध्यम से खुद को बचा सकते हैं।

**मुक्त होना:** यहाँ सच है: हम सभी इन संज्ञानात्मक विकृतियों का अनुभव करते हैं। ये कमजोरी या मानसिक बीमारी के संकेत नहीं हैं—ये मानव मन की मानक विशेषताएं हैं जो एक जटिल दुनिया को समझने की कोशिश कर रही हैं। समस्या यह नहीं है कि हमारे पास ये विचार हैं; समस्या तब है जब हम उन पर बिना सवाल किए विश्वास करते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य सकारात्मक सोच या खुद को उज्ज्वल पक्ष देखने के लिए मजबूर करने के बारे में नहीं है। यह स्पष्ट रूप से देखने के बारे में है—यह पहचानना कि हमारे दिमाग कब हमारे साथ चालें खेल रहे हैं और धीरे से, करुणापूर्वक, खुद को वास्तविकता में वापस लाना।

क्योंकि वास्तविकता, अपनी सभी अनिश्चितता और अपूर्णता के साथ, अक्सर उन कहानियों की तुलना में कहीं अधिक दयालु होती है जो हम खुद को बताते हैं।

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित

## दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया। चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डाक विभाग की कमियों को दूर किया जाए

नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य पर 9 अक्टूबर से विश्व डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सरकार और डाक विभाग इससे संबंधित योजनाओं और डाक विभाग के अन्य कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाते हैं। दुनिया में डाक का विस्तार हो, और यह सुगम हो, इसके लिए दुनिया के लगभग 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर 9 अक्टूबर 1874 को करके जनरल पोस्टल यूनियन का गठन किया था। हमारा देश 1 जुलाई 1876 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। हमारा देश गांवों का देश है, यहां आज भी कुछ हद तक डाक प्रणाली की बहुत जरूरत और अहमियत हैं। डाक विभाग ही लोगों के पत्र और दूसरे बहुत से सामान को गंतव्य तक पहुंचाता है। - **मुकेश गुप्ता**, दुर्ग

## करंट अफेयर


# जापान के कोमेइतो पार्टी ने सत्तारूढ़ पार्टी का साथ छोड़ा



जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत धुर–रूढ़िवादी सांसद साने ताकाइची को अपना नेता चुना था। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य गठबंधन सहयोगी खोजने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साने ताकाइची ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेइतो ने 'गठबंधन छोड़ने के निर्णय की एकतरफा घोषणा की है', जबकि उन्होंने और एलडीपी महासचिव शुनिची सुजुकी ने कहा था कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करेगी और तुरंत जवाब देगी। ताकाइची ने कहा, 'हम 26 वर्षों से एकसाथ थे और यह बेहद निराशाजनक था, लेकिन अंत में हम ऐसे अलग हुए।' सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत खो चुका है। निचले सदन में इस महीने के अंत में नये प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है।

## ऑफ बीट

# पेयजल से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में मिली सफलता



माइक्रोप्लास्टिक हमारी प्लास्टिक की दुनिया के अंश हैं, जो बड़े वस्तुओं के टूटने से या सिंथेटिक कपड़ों और पैकेजिंग जैसे उत्पादों से उत्पन्न होते हैं। अब ये हर जगह मौजूद हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनिया के सतही जल में लगभग 51 खरब कण तैर रहे हैं, और दक्षिण अफ्रीका के नल के पानी में भी इनका निम्न स्तर पाया गया है। यही चिंता का विषय है क्योंकि ये कण रसायन और हानिकारक बैक्टीरिया के वाहक बन सकते हैं, मछलियों और अन्य वन्य जीवों द्वारा खाए जा सकते हैं, और हमारे शरीर में भी पहुंच सकते हैं। हम जल वैज्ञानिक हैं और इस समस्या के समाधान की तलाश में हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन में, हमने एक व्यावहारिक समाधान का परीक्षण किया — दो ''चुंबकीय सफाई पाउडर'' जो पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स पर चिपक सकते हैं। इन गुच्छों को फिर एक चुंबक की मदद से बाहर निकाला जा सकता है। इन पदार्थों को चुंबकीय नैनोकंपोजिट कहा जाता है (इनकी कल्पना विशेष सतहों वाले बहुत महीन पाउडर के तौर पर की जा सकती है)। इसके पीछे का विचार बहुत सरल है। पानी में पाउडर की थोड़ी मात्रा मिलाएं, इसे माइक्रोप्लास्टिक्स को आकर्षित करने और उनसे जुड़ने दें, और फिर पाउडर–प्लास्टिक समूहों को हटाने के लिए एक शक्तिशाली चुंबक का उपयोग करें, जिससे स्वच्छ पानी बचेगा।

## ट्रेंड

### आवंटियों को फ्लैट्स सौंपे



किसी भी परिवार का एक सपना होता है कि उनका अपना घर हो। इस सपने को साकार करते हुए जनपद गोरखपुर में आज आवासीय परियोजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी वितरित की।

- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### पारदर्शी तरीके से नौकरी



असम ने आज एक बार फिर यह साबित किया है कि बिना किसी धांधली या विवाद के भी पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। हमने चुनाव में 1 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब हम लगभग 2 लाख नौकरियां दे रहे हैं।

- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### झूठ बोलती है सरकार



दो महीने से पेंशन नहीं मिली! हम अगर एचआरटीसी के कर्मचारियों की हक़ की बात करें तो सरकार झूठ बोलने पर उतारू हो जाती है। पेंशन समय से जारी करने की बात करें तो मंत्री इस्तीफे की चुनौती देकर सनसनी फैलाते हैं और सुर्खियां बटोरते हैं।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल**

### शिक्षा व्यवस्था दयनीय



दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षा जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी हमारे झारखंड के युवाओं को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाती है।

- **बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स–271018

ई–मेल: **haribhoomibsp@gmail.com**

वेब–साइट: **www.haribhoomi.com**

*बीते साल से कुछ के दाम कम तो कुछ के दाम खराब और नई फसल के कारण ज्यादा भी*

# ड्राई फ्रूट्स में इस दीपावली जीएसटी कम होने से दाम में राहत की मिठास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएसटी में बदलाव का कई सेक्टरों में ग्राहकों को लाभ मिल रहा है। त्योहारी सीजन में नवरात्रि से नया जीएसटी स्लैब लागू होने के कारण कई सामान के दाम कम हो गए हैं। ऐसे में इस दीपावली ड्राई फ्रूट्स में भी दाम कम होने की मिठास ग्राहकों को मिल रही है।



आज कल मिठाई से ज्यादा ड्राई फ्रूट्स गिफ्ट में देने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में गिफ्ट देने वालों को भी कम दाम देने पड़ेंगे। वैसे किशमिश के दाम अंगूर की फसल खराब होने के कारण इस बार बीते साल से करीब डबल हो गए हैं। अखरोट के दाम भी नई फसल आने के कारण ज्यादा हो गए हैं। केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव करके चार के स्थान पर दो स्लैब कर दि\ए हैं। ऐसे में जिन सामान में पहले 18 या 12 फीसदी जीएसटी लगता था, वह अब पांच फीसदी के स्लैब में आ गए हैं। ड्राई फ्रूट्स में पहले 12 फीसदी जीएसटी लगता था, लेकिन अब इसमें पांच फीसदी जीएसटी लगने के कारण दाम में सात फीसदी की राहत मिली है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स सस्ते हो गए हैं।

### किसके कितने दाम

ड्राई फ्रूट्स में काजू की बात करें तो इसमें अलग-अलग क्वालिटी आती है। इस समय अपने प्रदेश में आठ सौ से 11 सौ रुपए किलो तक काजू मिल रहे हैं। सबसे अच्छी क्वालिटी का काजू 11 सौ रुपए है। जहां तक बीते साल का सवाल है तो बीते साल इसके दाम नौ सौ से 13 सौ रुपए तक थे। अच्छी क्वालिटी का बादाम 800 रुपए किलो है। बीते साल इसके दाम हजार रुपए तक थे। अंजीर की बात करें तो अंजीर के दाम हजार रुपए से लेकर 17 सौ रुपए तक है। इसके दाम बीते साल 12 सौ से दो हजार रुपए तक थे। पिस्ता के दाम नौ सौ से लेकर 11 सौ रुपए हैं। बीते साल इसके दाम एक हजार से 12 सौ रुपए तक थे।

### किशमिश-अखरोट ने खाया भाव

एक तरफ जहां जीएसटी के कारण कई ड्राई फ्रूट्स के दाम कम हो गए हैं, वहीं किशमिश और अखरोट के दाम बढ़ गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक किशमिश के दाम बढ़ने का कारण अंगूर की फसल का खराब होना है। जो किशमिश बीते साल 300 रुपए के आस-पास थी, वह इस बार पांच से छह सौ रुपए किलो हो गई है। इसी तरह से अखरोट के दाम चार माह पहले आठ से नौ सौ रुपए थे, लेकिन इसकी नई फसल आने के कारण इसके दाम हजार से 11 सौ रुपए हो गए हैं।

### जीएसटी कम होने से फायदा

जीएसटी सात फीसदा कम होने के कारण कई ड्राई फ्रूट्स के दाम सौ से डेढ़ सौ रुपए कम हो गए हैं। किशमिश के दाम अंगूर की फसल खराब होने और अखरोट के दाम नई फसल के कारण ज्यादा हो गए हैं।

- **अजय कृष्णनानी**, थोक कारोबारी

# बिजली बिल में अभी सेस से राहत नहीं, नया कोयला खरीदी के बाद ही मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोयले पर लगने वाला सेस केंद्र सरकार ने समाप्त कर दिया है। इसके स्थान पर जीएसटी लगेगा। ऐसे में बिजली बिल में लगने वाला प्रति यूनिट 10 पैसे का सेस समाप्त होना है।

- **सितंबर के बिल में सेस लगा, अक्टूबर के बिल में भी नहीं मिलेगी राहत, नवंबर के बिल में ही राहत की संभावना**

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने सेस समाप्त होने पर बिजली बिल में 12 पैसों तक की राहत की भी बात कही है, लेकिन फिलहाल यह राहत सितंबर के बिल में नहीं मिली है। अक्टूबर के बिल में भी इसके मिलने की संभावना कम है। पॉवर कंपनी के बिजली उत्पादन संयंत्रों में एक से डेढ़ माह के कोयले का स्टॉक रहता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है, कोयले का नया स्टॉक आने के बाद ही सेस समाप्त हो सकेगा।

प्रदेश भर के 72 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल में प्रति यूनिट पर दस पैसे सेस लगते हैं। अब इस सेस से राहत मिलने का रास्ता खुल गया है। केंद्र सरकार ने कोयले पर लगने वाला सेस समाप्त कर दिया है। अब आने वाले समय में बिजली बिल के साथ दस पैसे लगने वाला सेस समाप्त हो जाएगा। लेकिन इसको समाप्त होने में थोड़ा समय लगेगा।

सेस को 22 सितंबर से समाप्त किया गया है क्योंकि जीएसटी के नए स्लैब 22 सितंबर से लागू हुए हैं। कोयले को भी जीएसटी के दायरे में लाया गया है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अभी पॉवर कंपनी के बिजली उत्पादन संयंत्र में कोयले का पुराना स्टॉक है। वैसे भी सितंबर में 22 तारीख से कोयले को जीएसटी के दायरे में लाया गया तो सितंबर के बिल में सेस के समाप्त होने का सवाल ही नहीं है। अगले माह अक्टूबर में भी सेस समाप्त होने की संभावना कम है क्योंकि कम से कम एक माह तक तो कोयले का पुराने स्टॉक चलेगा ही। इसके बाद नवंबर में जब नए कोयले की खपत होगी तो सेस समाप्त होगा।

### एफपीपीएएस का डबल झटका




बिजली की उत्पादन लागत में जो अंतर आता है, उसकी वसूली एफपीपीएएस शुल्क से की जाती है। इस माह इस शुल्क का उपभोक्ताओं को डबल झटका लगा है क्योंकि बीते माह का 7.10 फीसदी शुल्क लेने के साथ इस माह का 2.46 फीसदी शुल्क भी वसूला गया है। अब अगले माह जहां इस माह का बचा सात फीसदी शुल्क लिया जाएगा, वहीं नए माह का तय शुल्क भी लिया जाएगा। ऐसे में अगले माह के बिल में भी डबल झटका लगेगा।

# कलेक्टर दर-महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर ननि के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

### कलेक्टर एवं महापौर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर दर में वृद्धि तथा शून्य किया गया महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने की मांग को लेकर नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने शुक्रवार को काम बंद कर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर गौरव सिंह और महापौर मीनल चौबे को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद ने कहा कि महंगाई भत्ता को शून्य किया जाना श्रमिकों के साथ अन्याय है। यह एक प्रकार से श्रमिकों का शोषण है।

8 वर्ष के बाद भी पुनरीक्षित वेतनमान लागू नहीं

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद ने बताया कि श्रमिक न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 धारा 3 (ख) के तहत मजदूरी की न्यूनतम दरों का पुनर्विलोकन हर पांचच वर्ष के अंतराल में किया जाना है, लेकिन वर्ष 2017 में वेतन पुनरीक्षित किये जाने के बाद आज तक पुनरिक्षित वेतनमान लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार हुआ है कि प्रत्येक छह माह में मिलने वाले परिवर्तनशील महंगाई भत्ता को ही शून्य कर दिया है।

### दूसरे राज्यों की तुलना में कम वेतन

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ से लगे राज्यों में जैसे मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिसा, महाराष्ट्र, झारखंड, तेलंगाना एवं बिहार में मजदूरी की न्यूनतम दरें 18000 से 22000 रुपए तक दिया जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ आर्थिक रूप से समृध्द होने के बाद भी न्यूनतम मजदूरी 11176 से 13386 रुपए दी जा रही है।

### केंद्र एवं राज्य के कर्मचारियों का लगातार बढ़ रहा वेतन-महंगाई भत्ता

महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासकीय कर्मचारियों का लगातार वेतन एवं महंगाई भत्ता बढ़ा रहा हैं, वहीं श्रमिकों के साथ अन्याय कर रही महंगाई भत्ता शून्य कर दिया है। इससे प्रदेश में करीब 20 हजार कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांग मानी नहीं जाएगी तो एक नवंबर से प्रदेश स्तरीय हड़ताल करेंगे, जिससे अतिआवश्यक सेवाएं जैसे सफाई, पेयजल, बिजली बाधित होगी।

# कांग्रेस नेता गिरीश की शिकायत पर अमरेश सहित तीन पुलिस अफसरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोल घोटाला में आरोपी बनाए गए निखिल चंद्राकर के धारा 164 के तहत जज के सामने दर्ज कराए गए बयान को फर्जी बताते हुए कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन ने कोर्ट में परिवाद दायर किया है। गिरीश देवांगन के परिवाद पर कोर्ट ने ईओडब्लू, एसीबी के डायरेक्टर अमरेश मिश्रा, डीएसपी राहुल शर्मा तथा एएसपी चंद्रेश ठाकुर को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने तीनों पुलिस अफसरों को 25 अक्टूबर जवाब पेश करने कहा है।

- **निखिल चंद्राकर का फर्जी तरीके से धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने का आरोप**
- **कोल घोटाला में फर्जी बयान बनाने का आरोप**

परिवाद पक्ष के वकील फैजल रिजवी, मनोज वर्मा, एनके ठाकुर के अनुसार 16 तथा 17 जुलाई को पुलिस अफसरों ने निखिल चंद्राकर का धारा 164 के तहत कोर्ट में बयान पेश किया। बयान 24 पेज का था। परिवादी पक्ष के वकीलों ने आरोप लगाया है कि तीनों पुलिस अफसरों ने निखिल चंद्राकर का कलमबंद बयान जज के सामने नहीं लिया है। उनके द्वारा निखिल चंद्राकर का फर्जी तरीके से बयान तैयार कर उससे जबरन हस्ताक्षर कराकर न्यायालय में पेश किया गया। इस तरह पुलिस अफसरों ने अभियुक्त के खिलाफ झूठे साक्ष्य तैयार कर कोर्ट के सामने पेश कर आपराधिक षड़यंत्र किया। परिवादी पक्ष के वकीलों के अनुसार धारा 164 के तहत कलमबंद बयान जज की उपस्थिति में होता है।

### टंकण लिपि में गड़बड़ी

बचाव पक्ष के वकीलों के अनुसार अफसरों द्वारा धारा 164 के तहत फर्जी बयान की जानकारी उन्हें बयान की कॉपी तथा संबंधित कोर्ट की अन्य कार्यवाही के दस्तावेजों का मिलान करने पर टंकण लिपि में गड़बड़ी मिली। इसके बाद बयान की कॉपी तथा कोर्ट में उस तारीख की अन्य कार्यवाही की कॉपी की फोरेंसिक एक्सपर्ट से जांच कराई गई। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने टंकण लिपि में मिलान नहीं होने की पुष्टि की। इसके बाद गिरीश देवांगन ने कोर्ट में अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने परिवाद पेश किया। बचाव पक्ष के वकीलों के अनुसार पुलिस अफसरों ने निखिल चंद्राकर का बयान कोर्ट में पेन ड्राइव की शक्ल में पेश किया।

### संबंधित जज के खिलाफ शिकायत

पुलिस अफसरों ने जिस जज के समक्ष निखिल चंद्राकर का धारा 164 के तहत कलमबंद बयान लेने की बात का उल्लेख किया है, उस जज के खिलाफ गिरीश देवांगन ने बिलासपुर हाईकोर्ट के सतर्कता आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। जज ने अपने सामने निखिल का बयान दर्ज कराया है या नहीं, इस बात की जांच सतर्कता आयोग करेगा।

# अगले सप्ताह भाजपा के सहयोग केंद्र में डिप्टी सीएम भी बैठेंगे

**रायपुर।** सालभर बाद प्रारंभ किए गए भाजपा के सहयोग केंद्र में इस सप्ताह पांच मंत्री सोमवार से शुक्रवार तक बैठे। अब शनिवार और रविवार को कोई मंत्री सहयोग केंद्र में नहीं बैठेगा। इसके बाद सोमवार से शुक्रवार को फिर से सहयोग केंद्र में मंत्री बैठेंगे। इस सप्ताह दोनों डिप्टी सीएम भी रहेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में इस बार सोमवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद मंगलवार को डिप्टी सीएम और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और शुक्रवार को डिप्टी सीएम, गृहमंत्री विजय शर्मा कार्यकर्ताओं और उनके क्षेत्र के आम जनों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।





ऑफर सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर उपलब्ध है। croma Reliance digital

@philipshomelivingindia @philipshomelivingindia @smartcookingbyphilips www.domesticappliances.philips.co.in

**DEALERS BHOPAL:** MANGALAM ELECTRONICS- 0755-4040008; VIRAAT GIFT & ELECTRONICS H.BAD ROAD- 9826802227; VIP DEPARTMENT- 9893414806; VARIETY DEPARTMENTAL STORE- 8878003600; **JABALPUR:** VIJAY STORES- 9826958844; RAJESH ELECTRONIC- 9425156809; FAIR DEAL- 9893498348; SHRI MOHAN ELECTRICALS- 9893005151; **INDORE:** JOHARI ENTERPRISES- 7312535961; SUNSHINE CROCKERY- 9039410344; AZHAR CROCKERY HOUSE- 8839909419; PRIYA SALES- 9229610409; LOTUS ELECTRONICS- 9111300400; **UJJAIN:** RB ZONE- 8982679078; **RAIPUR:** AMIT SALES- 8819900020; ISHA KITCHEN S- 9893366775; UNIVERSAL SERVICES- 9009040000; SURESH BROTHER- 9827162529; SHREE AMIT SALES- 7089175691; NTC APPLIANCES- 9977645474; SURANA SONS- 9203316661; RAJ STEEL SHOP- 7712233281; OM MARKETING- 6261168868; BALAJI KITCHEN MART- 9827900476.

## ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू

# इजराइली सेना का लौटना शुरू लेकिन 50 फीसदी हिस्से पर रहेगा नियंत्रण

## नेतन्याहू ने वापसी का किया ऐलान, बीते दो साल से गाजा में चल रहा है हिंसक संघर्ष

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच बीते दो साल से जारी हिंसक संघर्ष थमने वाला है। गाजा में ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू हो गया है। इजराइली सेना ने ट्रंप की शांति योजना पर कहा कि दोहपर 12 बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। सैनिक वापस लौट रहे हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि हमास के साथ युद्धविराम समझौता स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से प्रभावी हो गया है। मोर्चे पर तैनात सैनिक सहमति के तहत निर्धारित जगहों पर वापस लौट रहे हैं।

### फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी

युद्धविराम समझौता लागू करने के फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यालय से जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल ने बंधकों की रिहाई के लिए समझौते की रूपरेखा को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इजराइली सरकार के बयान में योजना के अन्य पहलुओं का उल्लेख नहीं किया गया है। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, सेना अपने नए ठिकानों पर जाकर गाजा के लगभग 50 फीसदी हिस्से पर अपना नियंत्रण स्थापित करेगी।



**2000 फलस्तीनी कैदी होंगे रिहा**

युद्धविराम समझौते में किन बिंदुओं को शामिल किया गया है। इस संबंध में हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने बताया, 'समझौते के तहत इजराइल लगभग 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र से लगी सीमा को खोला जाएगा। गाजा में संकटग्रस्त लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इजराइली सेना को वापस बुलाया जाएगा।' समझौते के तहत, इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों को भी रिहा किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी 200 सदस्यीय सैनिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम इजराइल भेजेंगे। अल-हय्या ने कहा, 'हम अपने लोगों के खिलाफ युद्ध और आक्रामकता को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं।' ट्रंप प्रशासन और मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है। हमास और अन्य फलस्तीनी गुट अब स्वतंत्र देश पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### दो साल में 67 हजार लोगों की मौत

इजराइली सेना की इस घोषणा से पहले फलस्तीनियों ने शुक्रवार सुबह उत्तरी गाजा में भारी गोलाबारी की सूचना दी। बता दें कि बीते दो साल में लगभग 67 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अब ट्रंप के हस्तक्षेप के बाद इजराइल और हमास के बीच शांति समझौता हुआ है।

### गाजा का अभूतपूर्व मानवीय संकट

बता दें कि गाजा में हमास के लड़ाकों के हमले के बाद सात अक्तूबर, 2023 से ही हिंसक संघर्ष जारी है। हमास के हमले में इजराइली लोगों की मौत से बौखलाए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को नेस्तनाबूद करने की कसम खाई। उन्होंने लगातार सख्ती दिखाते हुए इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) को कार्रवाई करने की खुली छूट दी थी। बीते करीब दो साल से जारी गोलाबारी में अब तक 67 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हजारों लोग घायल हुए हैं, जबकि गाजा से लाखों लोगों को विस्थापित होने पर मजबूर होना पड़ा है। गाजा में भुखमरी और अभूतपूर्व मानवीय संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र समेत कई देशों ने शांति बहाली पर जोर दिया था। अब शांति समझौते पर अमल होता दिख रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### प्रियंका से मिले सिद्धू गरमाई सियासत



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर व पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने दिल्ली में कांग्रेस सांसद व वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। सिद्धू की प्रियंका गांधी से मुलाकात के बाद पंजाब की सियासत भी गरमा गई है। दरअसल हाल ही में नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजौत कौर सिद्धू ने चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। नवजोत कौर ने अमृसर से विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है।

### 'चुनाव आयोग के अफसरों को धमका रहीं ममता'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बीजेपी ने चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से मुलाकात की और सीएम ममता बनर्जी पर चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाया। बीजेपी ने चुनाव आयोग को सौंपे अपने पत्र में लिखा कि जब किसी राज्य की मुख्यमंत्री खुलेआम उन अधिकारियों को धमकाती हैं।

### राज्यसभा चुनावः नेकां ने घोषित किए नाम

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस ने आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने चौधरी मोहम्मद रामजान, सज्जाद किचलू और शम्मी ओबेरॉय को उम्मीदवार बनाया है।

---

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज

# एनडीए में सीटों का फॉर्मूला तय, जदयू को सबसे ज्यादा, चिराग को मिली 25 सीटें!

**6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होना है यहां मतदान**

**14 नवंबर को बाल दिवस के दिन की जाएगी मतगणना**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। इस बीच एनडीए में सीटों का फॉर्मूला तय हो गया है। सूत्रों की मानें तो इस गठबंधन में जेडीयू सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं दूसरे नंबर पर सबसे अधिक बीजेपी को सीटें मिलेंगी। जेडीयू 102 सीटों पर जबकि बीजेपी 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) को चुनाव मैदान में उतरने के लिए 25 सीटों की हिस्सेदारी मिलेगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी एचएएम कुल 8 सीटों पर और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम 7 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इधर, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई है। अधिसूचना के मुताबिक पहले फेज के चुनाव के लिए उम्मीदवार 17 अक्टूबर तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जबकि उनकी जांच अगले दिन होगी। वहीं, नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर तय की गई है।





### बिहार में 6 नवंबर को पहले फेज की वोटिंग

बिहार में पहले फेज का मतदान 6 नवंबर को है। पहले चरण में 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पहले फेज में जिन जिलों में वोटिंग होनी है, उनमें पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, बक्सर और भोजपुर शामिल हैं।

### 122 सीट पर होगा 11 नवंबर को दूसरे फेज का मतदान

प्रदेश में दूसरे और आखिरी चरण का मतदान 11 नवंबर को है। दूसरे फेज में 122 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। जबकि वोटों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। बहरहाल सत्ता पर काबिज एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के घटक दलों ने अब तक अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी नहीं की है। सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय होने के बाद अब जल्द ही उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने की उम्मीद है।

**नीतीश की जेडीयू को ट्रिपल झटका**

## पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और सांसद पुत्र राजद में शामिल



बिहार विधानसभा चुनाव के राजनीतिक रणभूमि में तेजस्वी यादव की आरजेडी ने शुक्रवार को नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) को एक के बाद एक तीन झटके दिए। पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, पूर्व विधायक राहुल शर्मा और जेडीयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक्य प्रकाश रंजन आरजेडी में शामिल हो गए। संतोष कुशवाहा धमदाहा विधानसभा सीट से लेसी सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं। वहीं, राहुल शर्मा घोसी विधानसभा क्षेत्र से आरजेडी की ओर से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। यह कदम आरजेडी द्वारा भूमिहार समाज के बड़े नेताओं को साधने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि इन नेताओं को उनकी पार्टी में उचित सम्मान नहीं मिल रहा था लेकिन राजद ए टू जेड की पार्टी है और यहां पर सभी वर्गों का सम्मान होता है। सीएम नीतीश कुमार की पार्टी अब उनके वश में नहीं हैं। केवल कुछ खास लोग ही जदयू चला रहे हैं। 'मैंने पहले भी कहा है कि जो हमारे चाचा (नीतीश कुमार) हैं वो अचेत अवस्था में हैं। बिहार की सरकार दिल्ली से नरेंद्र मोदी जी और अमित शाह चला रहे हैं।'

### सीटों के बंटवारे पर फैसला अटका

बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर अभी महागठबंधन और एनडीए में कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है, लेकिन नेताओं के पाला बदलने और नए समीकरण बनते ही राजनीतिक माहौल और अधिक रोचक हो गया है। तेजस्वी यादव की आरजेडी के लिए यह जोड़ नीतीश कुमार की जेडीयू के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।

---

## भारत सरकार का बड़ा फैसला

# चार साल बाद काबुल में खुलेगा भारतीय दूतावास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अफगानिस्तान पर शासन कर रहे तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी से बातचीत में काबुल में फिर से भारतीय दूतावास खोलने की बात कही। तालिबान के विदेश मंत्री के साथ बातचीत में एस जयशंकर ने कहा, 'आपकी यह यात्रा भारत-अफगानिस्तान के रिश्तों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। भारत, अफगान लोगों का शुभचिंतक होने के नाते, आपके विकास में गहरी रुचि रखता है। आज मैं यह दोहराना चाहता हूं कि अफगानिस्तान में चल रहे भारत के कई प्रोजेक्ट्स के जरिए हमारी पुरानी साझेदारी फिर से मजबूत हो रही है।' जयशंकर ने आगे कहा, 'पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की सुरक्षा चिंताओं को समझने के लिए हम आपके आभारी हैं। भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अफगानिस्तान के लोगों की स्वतंत्रता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।'

### 'भारत के खिलाफ अपनी जमीन इस्तेमाल नहीं होने देंगे'

भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय समकक्ष डॉ. जयशंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत को अफगानिस्तान का करीबी दोस्त देश बताया और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मुत्तकी ने कहा कि 'अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं होने देगा।' दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि वह अफगानिस्तान में अमेरिका का बनाया हुआ बगराम एयरबेस वापिस चाहते हैं। इसी संदर्भ में मुत्तकी ने दो टूक जवाब दिया है। अफगानी विदेश मंत्री ने कहा कि 'जब अफगानिस्तान में हाल ही में भूकंप आया तो सबसे पहले मदद भेजने वाला देश भारत ही था।

---

# आईपीएस पूरन का मौत के चार दिन बाद भी पोस्टमार्टम नहीं

### आईएएस पत्नी ने रखी हैं चार मांगें

**चंड़ीगढ़।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या को चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन परिजन अब तक पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। बता दें, चंडीगढ़ पुलिस ने एडीजीपी कुमार की आत्महत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर और 12 अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है, लेकिन परिवार का आरोप है कि अब तक उनकी सिर्फ 'एक मांग' ही पूरी हुई है। परिवार ने चार प्रमुख मांगें- सभी नामजद अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी और निलंबन, पत्नी और दो बेटियों को स्थायी सुरक्षा, परिवार की गरिमा और अधिकारों की रक्षा व निष्पक्ष और पारदर्शी जांच रखी हैं।



### न्याय मिलने के बाद ही अंतिम संस्कार

पूरन कुमार का परिवार इस बात पर अडिग है कि जब तक दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होती, वो अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इस पूरे घटनाक्रम ने हरियाणा पुलिस और प्रशासनिक तंत्र को हिला कर रख दिया है।

**पत्नी को मिली सिक्योरिटी**

इस बीच उनकी पत्नी और आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अमनीत ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताने के बाद प्रशासन ने उनके घर के बाहर एक स्थायी सिक्योरिटी बूथ बना दिया है।

### कफ सिरप मौत पर नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीले कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत के मद्देनजर जांच और औषधि सुरक्षा तंत्र में प्रणालीगत सुधार के अनुरोध वाली जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर जनहित याचिका सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद खारिज कर दी। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि याचिकाकर्ता अखबार पढ़ते हैं और याचिका दायर करने के लिए अदालत में आ जाते हैं। पीठ का शुरू में यह विचार था कि नोटिस जारी किया जाना चाहिए, लेकिन बाद में याचिका खारिज कर दी गई।

**पूछा- कब मिलेगा राज्य का दर्जा**

# जम्मू-कश्मीर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त केंद्र से चार हफ्ते में मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा देने की लगातार उठ रही मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को चार हफ्ते का समय दिया है ताकि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने से जुड़ी याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल कर सके। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले की सुनवाई की और पूछा- राज्य का दर्जा कब मिलेगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित ये याचिकाएं शिक्षाविद जहूर अहमद भट और सामाजिक कार्यकर्ता अहमद मलिक सहित कई लोगों ने दाखिल की हैं। इन याचिकाओं में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में दिए गए वादे के अनुसार, जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द फिर से राज्य का दर्जा दे।



### फैसले का दिया हवाला

मामले में याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का हवाला दिया जिसमें अनुच्छेद 370 को रद्द करने को सही ठहराया गया था और केंद्र को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर 2024 तक कराने और जल्द राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश दिया गया था।

### टीवीके की याचिका पर 'सुप्रीम' फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिल अभिनेता विजय की राजनीतिक पार्टी टीवीके और अन्य द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिका में मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें करूर भगदड़ की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया गया था। इस भगदड़ में 41 लोग मारे गए थे। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने पक्षकार, पीड़ितों, तमिलनाडु सरकार और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनीं।

---

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

---

## शब्द पहेली - 6015



**बाएँ से दाए**

1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 6014 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6025

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6024 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

दुर्गापुर से मुंबई जा रही फ्लाइट का मामला, ब्लड कैंसर से पीड़ित था यात्री

# हवाई सफर के दौरान तबीयत बिगड़ी, फ्लाइट की रायपुर में लैंडिंग पर नहीं बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दुर्गापुर कोलकाता से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट में सवार युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत देख विमान को आपातकाल में रायपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। प्राथमिक उपचार के साथ उसे माना के सिविल अस्पताल भेजा गया, मगर उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक गौतम बावरी ब्लड कैंसर से पीड़ित था और अपने परिवार के साथ इलाज के लिए मुंबई जा रहा था।

पश्चिम बंगाल के वर्धमान में रहने वाला युवक दुर्गापुर से दोपहर डेढ़ बजे टेकऑफ होने वाली इंडिगो की फ्लाइट में गुरुवार को मुंबई रवाना हुआ था। फ्लाइट करीब 4 बजे मुंबई में लैंड होनी वाली थी। बताया जाता है कि यात्रा के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। यात्री की तबीयत खराब होने की जानकारी पर पायलट ने करीब 3 बजे एटीसी से अनुमति लेने के बाद फ्लाइट को रायपुर में उतारा। करीब आधे



घंटे रुकने के बाद फ्लाइट अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। इस बीच बीमार यात्री की विमानतल में मौजूद स्टाफ ने जांच की और उसे प्राथमिक उपचार के बाद माना के सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौतम के साथ उसके रिश्तेदार भी रायपुर में उतरे, जिन्होंने पूछताछ के दौरान उसके ब्लड कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी दी। इस मामले की सूचना माना थाने में भी दी गई थी।

## विमानतल पर पर्याप्त सुविधा नहीं

इधर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उपलब्ध चिकित्सा सुविधा को आवश्यकता से कम माना जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि पहले वहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा पदस्थ चिकित्सकीय स्टॉफ मौजूद रहता था। अब एक निजी अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सा आधिकारी की ड्यूटी वहां लगाई गई है। आपातकालीन स्थिति होने पर किसी यात्री को एयरपोर्ट से काफी दूर स्थित माना सिविल अस्पताल भेजा जाता है।

# बृजमोहन अग्रवाल छात्रों के साथ 13 को करेंगे बिल्डाथॉन में सहभागिता

**रायपुर।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने जिले के सभी विद्यालयों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों से विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025' में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। यह राष्ट्रव्यापी नवाचार अभियान शिक्षा मंत्रालय एवं नीति आयोग के एटल इनोवेशन मिशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन के सफल संचालन के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखकर उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा जताई है।श्री अग्रवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह बिल्डाथॉन छात्रों के नवाचार, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने का ऐतिहासिक अवसर है। नई पीढ़ी के पास भारत को विश्व गुरु बनाने की क्षमता है, और यह अभियान उसी दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक देशभर में एक साथ यह आयोजन किया जाएगा, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर अपने नवाचार, विचार और प्रोटोटाइप प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम विश्व के सबसे बड़े छात्र-नेतृत्व वाले नवाचार अभियानों में से एक बनने जा रहा है।

# इलाज के लिए ट्रेन से गुजरात भेजी गई बाघिन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जंगल सफारी की बिजली नामक मादा बाघ की गुजरात, जामनगर स्थित वनतारा वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू, रिहैबिलिटेशन सेंटर में शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण कुमार पाण्डेय ने मादा बाघ की मौत की पुष्टि की है। बिजली किडनी तथा गर्भाशय में गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन अफसर बिजली का उपचार कराने मंगलवार को ट्रेन के रास्ते गुजरात ले गए थे। वनतारा प्रबंधन ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से बिजली की मौत की पुष्टि की है।

सफारी प्रबंधन के अनुसार बीमारी के लक्षण दिखने पर बेहतर उपचार के लिए वनतारा ले जाने का निर्णय लिया गया। अफसरों के अनुसार वनतारा में वन्यजीवों की उपचार के लिए विश्व स्तरीय सुविधा है। इस वजह से बिजली को गुजरात ले जाया गया। बिजली की मौत की जानकारी मिलने पर जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर भी गुजरात के लिए रवाना हो गए हैं विभागीय अफसरों द्वारा जंगल सफारी में वन्यजीवों के उपचार के लिए विश्वस्तरीय सुविधा होने का दावा किया जाता है। बावजूद इसके बिजली को डेढ़ हजार किलोमीटर दूर उपचार कराने ले जाने को लेकर जानकार सवाल उठा रहे हैं। वन्यजीवों के जानकारों के अनुसार अंजोरा स्थित कामधेनु विश्वविद्यालय में वन्यजीवों के एक्सपर्ट डॉक्टर हैं। जानकारों के अनुसार पिंजरे में कैद बिजली लंबी दूरी की यात्रा करने से बेहद थक गई थी। इसके कारण बिजली की सेहत और बिगड़ने लगी। जानकारों के अनुसार बिजली की किडनी तथा गर्भाशय में बीमारी होने की जानकारी अगस्त में मिल गई थी। ऐसे में उसे पहले ही उपचार कराने वनतारा ले जाना था। बीमारी बढ़ने की वजह से बिजली ने खाना-पीना तक छोड़ दिया था।

- आठ साल की मादा बाघ को उपचार के लिए मंगलवार को ट्रेन से गुजरात ले जाया गया था
- किडनी, गर्भाशय की गंभीर बीमारी से जूझ रही थी मादा बाघिन

## जहां से पिता को लाए वहीं अंतिम सांस

नौ साल पूर्व जंगल सफारी का जब उद्घाटन हुआ, तब गुजरात से नर बाघ लाया गया था, जिसका नाम शिवाजी रखा गया। उसी शिवाजी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोटो खींचा गया था। बिजली किशोरी और शिवाजी की पहली बाघ शावक थी। ऐसे में जिस राज्य से बिजली के पिता को जंगल सफारी लाया गया था, वहीं शिवाजी की बेटी ने अंतिम सांसें ली।

# 5 साल से वेतन वृद्धि नहीं, जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी आंदोलन की तैयारी में

**रायपुर।** रायपुर जिले में सहकारी बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की पिछले 5 वर्षों से वेतनवृद्धि नहीं हुई है। सहकारिता पंजीयक ने इस पर रोक लगाई हुई है। सहकारी संस्थाएं ने यह रोक बैंक में प्रचलित सेवानियम के प्रावधानों के विपरीत डा. अमलोर पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देकर रायपुर और जगदलपुर जिले के सहकारी बैंक के लिए लगाई है। इसके कारण वेतनवृद्धि नहीं हो पा रही है। इधर कर्मचारियों ने इस आदेश एवं नियम को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई है, जिस पर कोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद भी वेतनवृद्धि नहीं की जा रही है। इससे परेशान होकर अब बैंक के कर्मचारी आंदोलन की तैयारी की रूपरेखा बनाने जा रहे हैं। हालांकि इससे पहले कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल विभागीय मंत्री से मिलकर इस संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। इसके बाद भी वेतनवृद्धि नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कोर्ट में इस संबंध में याचिका लगाने वाले कर्मचारियों में देवेंद्र पांडेय ने बताया कि सहकारी पंजीयक ने वर्ष 2020 में कर्मचारियों के वेतनमान के लिए संशोधन आदेश जारी किया है। इसमें उल्लेख है कि स्थापना व्यय, सकल आय का 15 प्रतिशत एवं कार्यशील पूंजी का 1.50 प्रतिशत से अधिक होने पर स्वमेव वेतनवृद्धि बाधित होगी जो सहकारी अधिनियम के विपरीत है। यह संशोधन नियम सिर्फ नयी भर्ती कर्मचारियों के लिए है, जबकि पंजीयक ने इसे वेतनवृद्धि एवं महंगाई भत्ता से जोड़ दिया है। इस आदेश को कोर्ट ने भी निरस्त कर दिया है।

- आंदोलन से पहले सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिलकर सौंपेंगे ज्ञापन

# तकनीकी व प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अब ऑनलाइन मिलेगी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के खातों में अब छात्रवृत्ति की राशि ऑनलाइन स्थानांतरित की जाएगी। तकनीकी व प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए यह नई सुविधा प्रारंभ की गई है।

राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, आश्रम-छात्रावासों और तकनीकी एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति का भुगतान अब उनके बैंक खाते में ऑनलाइन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन वर्ग के 1.98 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में 84.66 करोड़ रूपए की शिष्यवृत्ति एवं छात्रवृत्ति ऑनलाइन अंतरित की। आश्रम-छात्रावासों के 1 लाख 86 हजार 50 विद्यार्थियों को शिष्यवृति की द्वितीय किश्त की राशि 79 करोड़ 27 लाख रूपए एवं पो. मैट्रिक छात्रवृत्ति के 12 हजार 142 विद्यार्थियों को 5 करोड़ 38 लाख 81 हजार रूपए विद्यार्थियों के बैंक खातों में डाले गए।

- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नई सुविधा

## एक मुश्त राशि से होती थी दिक्कतें

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया, प्री.मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति तथा शिष्यवृत्ति भुगतान के लिए नई व्यवस्था के अंतर्गत माह जून, सितंबर, अक्टूबर एवं दिसंबर में विद्यार्थियों को ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। इस पहल से छात्रों को शैक्षणिक अध्ययन के दौरान होने वाली आर्थिक समस्या से निजात मिलेगी। पहले विद्यार्थियों को वर्ष एक बार छात्रवृति एवं शिष्यवृति की राशि प्रदान की जाती थी। इससे छात्रों को पूरे सत्र स्कॉलरशिप का इंतजार करना पड़ता था। विभाग के मुताबिक, छात्रों को किश्तों में राशि मिलने से वे समय-समय पर अपनी अध्ययन संबंधित जरूरतों को पूरा कर पाएंगे।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/12 (नियमित पद)

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) | 03 | एमएमजीएस-II | 30 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/14 (नियमित पद)

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक महाप्रबंधक – (उत्पाद एवं अनुसंधान–विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 01 | एसएमजीएस–V | 45 |
| 2 | प्रबंधक – (उत्पाद एवं अनुसंधान– विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 02 | एमएमजीएस–III | 36 |
| 3 | प्रबंधक – (अनुसंधान विश्लेषक) | 04 | एमएमजीएस–III | 36 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.10.2025 से 28.10.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 08.10.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**




## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने दी जानकारी

# भारत का अपना स्वदेशी एआई मॉडल फरवरी तक हो जाएगा तैयार : सचिव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा अपना कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल अगले साल फरवरी में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से पहले तैयार हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कृष्णन ने यहां आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई क्षेत्र में देर से प्रवेश करने के बावजूद भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है और 10,000 जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की है।

### भारत आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा

सचिव ने कहा, "भारत अपने आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा है। वर्ष के अंत तक हमें अपना पहला पूरी तरह भारतीय आधारभूत मॉडल मिलने की उम्मीद है। इंडिया एआई समिट होने तक भारत का स्वायत्त मॉडल पेश कर देने की योजना है।"

### देश के भीतर स्थित सर्वरों पर संचालित होगा



*स्वायत्त एआई मॉडल भारत में विकसित ऐसा स्वदेशी एआई तंत्र होगा जो पूरी तरह भारतीय डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर स्थित सर्वरों पर ही संचालित किया जाएगा। सरकार ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी को करने की घोषणा की है।*




**विशिष्ट व छोटे एआई मॉडल पर जोर :** *कृष्णन ने कहा कि सरकार एआई के संभावित प्रभावों को लेकर सतर्क है और ऐसे मंच विकसित करना चाहती है जो समावेशी हों। सरकार क्षेत्र-विशिष्ट छोटे एआई मॉडल विकसित करने पर भी जोर दे रही है, ताकि प्रौद्योगिकी का लाभ उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है।*

- एआई मॉडल इंडिया इम्पैक्ट समिट से पहले तैयार हो जाएगा
- भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है
- 10,000 जीपीयू के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की

### सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही

सचिव ने कहा कि सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही है और भारतीय कंपनियों के लिए अधिक जीपीयू उपलब्ध कराएगी। स्वदेशी जीपीयू के विकास में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कृष्णन ने कहा कि यह 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के तहत सरकार के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक होगा, जिस पर वर्तमान में चर्चा चल रही है।

# टीसीएस ने लंदन में एआई हब डिजाइन स्टूडियो किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को लंदन में एक कृत्रिम मेघा (एआई) अनुभव क्षेत्र और डिजाइन स्टूडियो पेश करने की घोषणा की। कंपनी ने साथ ही कहा कि ब्रिटेन में उसके निवेश से अगले तीन वर्षों में 5,000 रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे। टीसीएस इस समय ब्रिटेन में 42,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देती है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 3.3 अरब पाउंड का योगदान दिया। टीसीएस ने आज लंदन में एक एआई अनुभव क्षेत्र और डिजाइन स्टूडियो के शुभारंभ की घोषणा की, जो ब्रिटेन में उसके लगातार रणनीतिक निवेश की पुष्टि करता है।

### टाटा स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन 7 प्रतिशत बढ़ा...




**नई दिल्ली।** प्रमुख इस्पात कंपनी टाटा स्टील का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन सात प्रतिशत बढ़कर 56.7 लाख टन हो गया। झारखंड के जमशेदपुर में ब्लास्ट फर्नेस की 'रीलाइनिंग" के पूरा होने के बाद परिचालन सामान्य होने की वजह से कंपनी के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई) तिमाही में टाटा स्टील इंडिया का कच्चा इस्पात उत्पादन 56.7 लाख टन रहा। तिमाही आधार पर उत्पादन में आठ प्रतिशत और सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बढ़कर 55.6 लाख टन हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 51.1 लाख टन थी।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

क्र. 260/निर्माण/2025 कोरबा दिनांक 07/10/2025

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत मल्टीलेवल पार्किंग भवन हेतु व्यवक्तियों/फर्म/कंपनियों से "रूचि की अभिव्यक्ति" ऑफर दिनांक 07.10.2025 से 04.11.2025 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। ऑफर सील बन्द लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है एवं दिनांक 06.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे से खोला जावेगा। ऑफर संबंधित विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट www.korbamunicipal.in से प्राप्त की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 873/निर्माण/ 2025 दिनांक 06.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | मंगल भवन निर्माण आनंद नगर भैरोताल में लोहार घाट खोलर नदी के किनारे वार्ड क 57 (अ.जा.वि.प्रा.) (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 22.10.2025 (T.No. 177110) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**



## राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA)

**(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)**
**प्रथम तल, NSIC-MDBP भवन, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020 011-69095250**
**www.nta.ac.in| procurement@nta.ac.in**

**निविदा आमंत्रण/Tender Inviting Notice**

NTA को कार्यालय उपयोग हेतु मासिक आधार पर 30 वाहन किराए पर लेने के लिए अनुभवी एजेंसियों से दो-बोली प्रणाली में सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

* GeM Bid No.: GeM/2025/B/6722964 (दिनांक: 29.09.2025)
* अनुमानित लागत: रू. 7.00 करोड़ (EMD: रू.7.00 लाख)
* निविदा प्रपत्र: nta.ac.in व gem.gov.in से डाउनलोड करें
* निविदा GeM पोर्टल पर ई-टेंडरिंग द्वारा जमा करें

**Sd./ निदेशक (प्रोक्योरमेंट)**

cbc 21354/12/0002/2526


# वी-मार्ट ने किया एक्सक्लूसिव फेस्टिवल कलेक्शन लॉन्च




**नई दिल्ली।** त्योहारी सीज़न की शुरुआत के साथ, वी-मार्ट ने अपना नया फेस्टिव कलेक्शन 'ओन योर फेस्टिव फिट्स' लॉन्च किया है। यह कलेक्शन परंपरा, ट्रेंड और आराम का खूबसूरत संगम है, जिसे खासतौर पर आज के फैशन-प्रेमी परिवारों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

महिलाओं के लिए इसमें हैं प्रिंसेस कट कुर्ते, फ्लोरल को-ऑर्ड सेट्स, एम्बेलिश्ड आउटफिट्स और इंडो-फ्यूजन ट्यूनिक्स, जिनमें पॉकेट्स जैसी प्रैक्टिकल खूबियां भी शामिल हैं। पुरुषों के लिए क्लासिक कुर्तों से लेकर ट्रेंडी पोलो टी-शर्ट्स, डेनिम्स, चिनोज़ और जैकेट्स तक कई विकल्प उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए यह कलेक्शन रंग, मस्ती और आराम से भरपूर है। वी-मार्ट ने दिवाली के हर खास पल धनतेरस की खरीदारी से लेकर लक्ष्मी पूजा तक के लिए उपयुक्त फैशन पेश किया है। साथ ही 2999 रु की खरीदारी पर सिर्फ 149 रु में ब्लूटूथ साउंडबार या इलेक्ट्रिक केतली पाने का ऑफर भी ग्राहकों को लुभा रहा है।

### जेरोधा के कामत का नथिंग में 2.1 करोड़ डॉलर निवेश

**नई दिल्ली।** यूनिकॉर्न वेल्थ टेक कंपनी जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत ने स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी नथिंग में 2.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। यह निवेश हाल ही में कंपनी द्वारा जुटाए गए 20 करोड़ डॉलर के कोष का हिस्सा है।कामत ने कहा कि यह निवेश कंपनी में 1.3 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर किया गया है। कामत ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा, /"मैंने हाल ही में नथिंग के सीरीज सी राउंड में 1.3 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 2.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। उपभोक्ता तकनीक के भविष्य को आकार देने वाले ब्रांड का समर्थन करने पर मैं रोमांचित हूं।" नथिंग ने हाल ही में सितंबर के मध्य में 20 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण हासिल करने की घोषणा की थी।

### ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने शुक्रवार को अपने नेतृत्व दल में फेरबदल किया। अंकित टंडन को प्रिज्म का मुख्य परिचालन अधिकारी और यूरोप का सीईओ नियुक्त किया गया है। वरुण जैन को प्रिज्म का सीओओ (एशिया) नियुक्त किया गया है। टंडन इस समय ओयो वेकेशन होम्स के सीईओ हैं, जबकि जैन प्रिज्म के सीओओ (भारत) हैं। ओयो के अनुसार अपनी नयी भूमिका में अंकित दुनिया भर में प्रिज्म के व्यावसायिक प्रदर्शन और संचालन को देखेंगे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

e-mail: nagarpalikabankimongra@rediffmail.com Pin No-495445

क्रमांक/1575/निर्माण/न.पा.प./2025-26 बांकीमोंगरा, दिनांक 09.10.2025

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

